www.wagadsandesh.com

# वागड़ संदेश

Tital Code : RAJHIN27802

जन मन की आवाज

सम्पर्क

ई-पेपर में खबरे व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें

ई-मेल - editorwagadsandesh@gmail.com

8890633631
9309255545
6351581818

वर्ष-2 अंक-50 सागवाड़ा, गुरुवार, 3 नवम्बर, 2022 भाषा : हिन्दी ई-पेपर अवधिः(वार्षिक) मूल्य-10 रु. पृष्ठ-1

# सोने के आभूषणों पर फर्जी तरीके से निम्न क्वालिटी (कैरेट) पर उच्च क्वालिटी का हॉल मार्क लगाने की शिकायत

## बीएसआई ने जब्त किए आभूषण, अन्य सामान, ज्वैलर्स हॉल मार्किंग सेंटर पर छापेमारी

**जयपुर ।** बाड़मेर जिले में जयपुर से आई भारतीय मानक ब्यूरों की दो अलग-अलग टीमों ने शहर की अलग-अलग हॉलमार्किंग सेंटर पर छापेमारी करते हुए सोने शुद्धता की जांच करने के साथ-साथ दस्तावेजों की जांच की। टीम के साथ में कोतवाली पुलिस जाब्ता भी तैनात रहा। सेंटर से सोने के आभूषण, कागजात सहित सामान को जब्त किया है। वहीं ज्वैलर्स मार्केट में हड़कंप मच गया। टीम ने शहर के बाड़मेर हॉलमार्किंग में करीब चार घंटे तक कार्रवाई की। टीम की सूचना पर ज्वैलर्स की दुकानों में हड़कंप मच गया और वहीं पूरा ज्वैलर्स मार्केट एक-एक करके बंद हो गया।

बाड़मेर जिले में जयपुर से आई भारतीय मानक ब्यूरों की दो अलग-अलग टीमों ने शहर की अलग-अलग हॉलमार्किंग सेंटर पर छापेमारी करते हुए सोने शुद्धता की जांच करने के साथ-साथ दस्तावेजों की जांच की। टीम के साथ में कोतवाली पुलिस जाब्ता भी तैनात रहा। सेंटर से सोने के




आभूषण, कागजात सहित सामान को जब्त किया है। वहीं ज्वैलर्स मार्केट में हड़कंप मच गया। टीम ने शहर के बाड़मेर हॉलमार्किंग में करीब चार घंटे तक कार्रवाई की। टीम की सूचना पर ज्वैलर्स की दुकानों में हड़कंप मच गया और वहीं पूरा ज्वैलर्स मार्केट एक-एक करके बंद हो गया। दरअसल, भारतीय मानक ब्यूरों (BSI) को शिकायत मिल रही थी कि जिले में सोने के आभूषणों पर फर्जी तरीके से निम्न क्वालिटी (कैरेट) पर उच्च क्वालिटी का हॉल मार्क लगा रहे है। बुधवार को जयपुर से आई टीम दो अलग-अलग टीमों ने अलग-अलग जगह पर छापेमारी कर हॉलमार्किंग की जांच की गई। वहीं एक दुकान पर हॉलमार्किंग का लाइसेंस नहीं होने व हॉलमार्क लगे हुए आभूषण बेचते पाए जाने पर हॉलमार्क लगे कुछ आभूषण टीम ने जब्त किए है। वहीं सुभाष चौक बाड़मेर हॉलमार्किंग के नाम से संचालित सेंटर पर दूसरी टीम ने छापेमारी की। करीब चार घंटे तक चली कार्रवाई। इस दौरान टीम के लिए चाय, ज्यूस भी सेंटर कर्मचारी ले जाते दिखे।

### लोगों को जा रहा ठगा

गौरतलब है कि हॉलमार्किंग सेंटर कम कैरेट के सोने के आभूषण पर ज्यादा कैरेट का हॉल मार्क लगाकर लोगों को ठग कर रुपए ले रहे है। इसकी शिकायतें मिलने के बाद भारतीय मानक ब्यूरों की टीम ने छापेमारी करते हुए कार्रवाई की है।

### जानिए क्या है हॉलमार्किंग

सोने की खरीदारी में लोगों के साथ होने वाली धोखेबाजी को रोकने के लिये हॉलमार्किंग की शुरुआत की गई है। किसी आभूषण में सोने की मात्रा अलग-अलग होती है, जो उसकी शुद्धता यानि कैरेट के आधार पर तय होती है। कई बार ज्वैलर्स कम कैरेट के आभूषणों पर ऊंची कैरेट की कीमतें वसूलते हैं। इसी को खत्म करने के लिये हॉलमार्किंग को अनिवार्य बनाया गया है। वास्तव में हॉलमार्किंग सोने की शुद्धता की गारंटी होती है। हॉलमार्क हर आभूषण पर लगने वाला एक निशान होता है। इसमें भारतीय मानक ब्यूरों (बीएसआई) का लोगो, उसकी शुद्धता दी होती है( इसके साथ ही टेस्टिंग सेंटर आदि की भी जानकारी हॉलमार्किंग में मिलती है

# सागवाड़ा के युवा चित्रकार प्रशांत कुमार शर्मा के चित्रों की एकल प्रदर्शनी का शुभारंभ



**सागवाड़ा।** कलाकार अपने भीतर के संसार को कूची और कैनवास के माध्यम से बाहरी दुनिया के समक्ष प्रकट करता है। यह विचार दृश्य कलाकार, लेखक, शिक्षाविद तथा संस्कृतिकर्मी डॉ.श्रीनिवासन ने डूंगरपुर (सागवाड़ा) के स्वशिक्षित युवा चित्रकार प्रशांत कुमार शर्मा के चित्रों की एकल प्रदर्शनी के शुभारंभ अवसर पर रखे।

स्थानीय कला संहति 'टखमण-28' कला दीर्घा में प्रारंभ हुई। इस प्रदर्शनी के अवसर पर प्रसिद्ध रंगकर्मी विलास जानवे, वरिष्ठ चित्रकार डॉ.रघुनाथ शर्मा, डॉ.युगल शर्मा, चेतन औदीच्य प्रसिद्ध मूर्तिकार चंद्रप्रकाश चौधरी, हेमंत जोशी, सुश्री वीरांगना सोनी, युवा कलाकार विजय गर्ग समेत कई कला समर्थक कला प्रेमी सम्मिलित हुए। यह प्रदर्शनी जनसामान्य के अवलोकनार्थ 5 नवंबर तक खुली रहेगी। कलाकार प्रशांत कुमार शर्मा ने अपनी कला सर्जना पर विस्तार से प्रकाश डाला तथा आगंतुक कलाकारों व कला रसिकों का स्वागत एवं आभार प्रकट किया।

# पीहर से नहीं लौट रही थी पत्नी, युवक ने पेड़ से फांसी लगाकर की आत्महत्या

**सीमलवाड़ा ।** डूंगरपुर जिले के धम्बोला थाना क्षेत्र के बोडामली फला बाबरिया गाँव में एक युवक ने अपने घर के पीछे पेड़ से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली । युवक की शादी 9 माह पहले ही हुई थी । दिवाली से पहले उसकी पत्नी पीहर गई थी । वही दो बार जाने के बाद भी पत्नी के पीहर से लौटने से मना करने के चलते युवक ने अपनी जान दे दी । इधर पुलिस पुरे मामले की जांच में जुटी है । धम्बोला थाने के थानाधिकारी हजारीलाल मीणा ने बताया की बोडामली फला बाबरिया गाँव निवासी सवजी परमार ने रिपोर्ट दी है जिसमे बताया है कि उसके 21 वर्षीय बेटे बाबूलाल परमार की शादी करीब 9 माह पहले हुई थी । वही उसकी पत्नी दिवाली से दो माह पहले अपने पीहर गई थी । इसके बाद बाबूलाल अपनी पत्नी को लेने दो बार अपने ससुराल भी गया था,लेकिन उसकी पत्नी उसके साथ नहीं लौटी और आने से मना कर दिया। जिसके बाद से बाबूलाल परमार तनाव में चल रहा था । बाबूलाल के पिता सवजी ने बताया की मंगलवार रात को बाबूलाल ने परिवार के साथ खाना खाया था और सोने चला गया था । इधर सुबह जब परिवार के लोग उठे तो बाबूलाल अपने कमरे में नहीं था । जिसके तलाश की तो घर के पीछे टिमरू के पेड़ से बाबूलाल का शव फंदे से लटका हुआ था । घटना की जानकारी पर मौके पर लोगो की भीड़ जमा हो गई । वही परिजनों की सुचना पर धम्बोला थाने से एसआई रतन लाल, जीतमल सहित मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी ली । इसके बाद पुलिस ने ग्रामीणों को मदद से शव को नीचे उतरवाया और सीमलवाडा अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया । इधर पुलिस ने मृतक के पिता की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है । शव का पोस्टमार्टम करा शव परिजनों को सौंप दिया है।

# मानगढ धाम का पोलिटिकल कनेक्शन- चारों राज्यों की 112 विधानसभा सीटें और 17 लोकसभा सीटों पर असर

* आदिवासी समाज की आस्था का केंद्र मानगढ़ धाम अब बन चुका है राजनीति का अखाड़ा
* भाजपा और कांग्रेस से दूर होते आदिवासी वोट बैंक को वापस खींच पाएंगे बड़े नेता

**सागवाडा।** गोविंद गुरू और मानगढ़ धाम की मान्यता विशेष तौर से राजस्थान, गुजरात, मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र में है। ऐसे में इन चारों राज्यों की 112 विधानसभा सीटें और 17 लोकसभा सीटों पर इसका सीधा असर पड़ेगा।

ऐसे में मानगढ़ धाम और गोविंद गुरू को पॉलिटिकली हाइजैक करने को लेकर चर्चाएं शुरू हो गई हैं। मानगढ़ धाम की शहादत अब राजनैतिक पार्टियों के लिए अहम बनती जा रही है, इसका सीधा कारण है यहाँ का आदिवासी समुदाय भाजपा और कांग्रेस जैसी पार्टियों से दूर होता जा रहा है।

पिछले विधानसभा, लोक सभा या फिर पंचायत राज के चुनाव परिणामों पर नज़र डालें तो आदिवासी समाज की आवाज़ बनकर एक अलग ही पार्टी उभरी है जिससे भाजपा और कांग्रेस पार्टी को ख़ासा नुक़सान हुआ है। इसी का परिणाम है कि चाहे कांग्रेस पार्टी के बड़े नेता हो या भाजपा के बड़े नेता अब मानगढ़ का रुख़ कर रहे हैं। आदिवासी कांग्रेस का पारंपरिक वोट बैंक रहा है।

कांग्रेस से यह अब खिसकने लगा है। मगर नई पार्टी भारतीय ट्राइबल पार्टी के आने से इसके वहां शिफ्ट होने का खतरा भी है।

ऐसे में बीजेपी आदिवासी वोट बैंक पर फोकस्ड होना चाहती है। इसके अलावा गुजरात चुनाव नजदीक हैं और अगले साल राजस्थान और एमपी में विधानसभा चुनाव है। जहां अच्छी संख्या में आदिवासी वोटर है। जिसे बीजेपी साधना चाहती है। इधर डूंगरपुर ज़िले की बात करें तो पिछले विधानसभा चुनाव में दो सीटें सागवाडा और चौरासी BTP के खाते में गई थी जबकि भाजपा आसपुर से और कांग्रेस डूंगरपुर विधानसभा से विजय रही थी।

वर्तमान राजनैतिक पर नज़र डाले तो आदिवासी समुदाय में से निकली पार्टी मज़बूत दिखाई दे रही है । हालाँकि भी BTP और आदिवासी परिवार के नाम पर यहाँ भी गुटबाज़ी शुरू हो चुकी है।

# विहिप बनाएगा एक लाख हिन्दू हित चिंतक

## जनजाति परिवारों का धर्मांतरण रोकेंगे, साढ़े 13 हजार गांवों में अभियान

**बाँसवाड़ा।** विश्व हिन्दू परिषद बांसवाड़ा में एक लाख से अधिक हिन्दू हित चिंतक बनाएगा। बुधवार को भारत माता मंदिर में संगठन के प्रदेश मंत्री सुरेश उपाध्याय ने इसकी विधिवत घोषणा की। इस कार्य को अभियान की तरह हाथ में लिया जाएगा, जो करीब 20 दिन तक चलेगा। पूरे देश में 61 लाख और राजस्थान में 10 लाख से अधिक हित चिंतकों का लक्ष्य हाथ में लिया गया है। वर्तमान में विहिप की ओर से बांसवाड़ा जिले में 285 विद्यालय, 12 छात्रावास, 652 मंदिर, 16 वेद विद्यालय संचालित हैं। अब तक संगठन के प्रयासों से करीब 50 हजार से अधिक धर्म परिवर्तित लोगों ने हिन्दू धर्म में वापसी की है। विहिप की ब्यावर परियोजना वर्तमान का सबसे ज्वलंत विषय है, जहां पर संगठन की ओर से 8 विद्यालय और 57 मंदिर संचालित हैं। वहीं अब तक एक लाख से अधिक हिन्दुओं को मुस्लिम धर्म से हिन्दू धर्म में वापसी कराई गई है। प्रदेश मंत्री उपाध्याय ने कहा कि हिन्दू हित चिंतक का अर्थ हिन्दू का हित साधने वाले ऐसे लोग जो उनके धर्म के प्रति तटस्थ रहे। वे हिन्दू विचारों को जीवन में अपनाएं और धर्म के प्रति समर्पित होकर मिशनरियों का विरोध कर सकें। गांव, पड़ौसी और हिन्दू आस्था रखने वाले परिवारों को उनका धर्म नहीं बदलने के लिए जागरूक करें। संगठन की ओर से इस्लामी आतंकवाद का भी विरोध किया जाएगा। अभियान खास तौर पर उन इलाकों में होगा, जहां धर्मांतरण के केस ज्यादा हैं। ये अभियान हर दूसरे साल चलता है। इस मौके पर RSS के वरिष्ठ पदाधिकारी जयंत्र त्रिवेदी एवं अन्य मौजूद थे।

# मानगढ़ को नहीं मिला मान, भाजपा नेताओं ने आदिवासियों को किया गुमराहः भगोरा

## पूर्व सांसद ने लगाएं आरोप : भाजपा ने किया शहादत का अपमान
## बेनकाब हुआ भाजपा का चाल, चरित्र और चेहरा

**सीमलवाड़ा ।** कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय सचिव एवं पूर्व सांसद ताराचंद भगोरा ने बुधवार को बयान जारी कर भाजपा पर मानगढ़ के मान नहीं दिलाने और आदिवासियों का गुमराह करने के आरोप लगाएं है। भगोरा ने कहा है कि मानगढ़ को राष्ट्रीय स्मारक घोषित करने के नाम पर आदिवासियों को बुलाया गया और पीएम मोदी ने घोषणा ही नहीं की। आदिवासी समाज को भ्रमित किया गया। भाजपा का चाल, चरित्र और चेहरा बेनकाब हो गया है। भगोरा ने कहा कि आस्था के प्रमुख केंद्र और आदिवासियों की शहादत स्थली मानगढ़ धाम पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का कार्यक्रम तय कर भाजपा गुजरात विधानसभा चुनाव और राजस्थान, मध्यप्रदेश में अगले साल होने वाले चुनाव में आदिवासी वोटरों को साधने के प्रयास में थी। पीएम मोदी के आने से पूर्व ही भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने मानगढ़ को राष्ट्रीय स्मारक घोषित किए जाने के दावे किए, लेकिन इनके दावों की कलई खुल गई। लाखों आदिवासियों के आस्था धाम को राष्ट्रीय स्मारक घोषित नहीं किया, इससे आदिवासी समाज में नाराजगी है। राष्ट्रीय स्मारक की घोषणा के नाम पर जनजाति वर्ग को मानगढ़ में एकत्रित किया गया। भगोरा ने आरोप लगाया कि भाजपा के स्थानीय नेता और प्रदेश के नेता पीएम मोदी के समक्ष मानगढ़ को राष्ट्रीय स्मारक घोषित कराने प्रभावी पैरवी नहीं कर पाएं और ना ही मानगढ़ से जुड़ी जनआस्था को समझा पाएं। भगोरा ने आरोप लगाया कि मानगढ़ धाम गुजरात सीमा से सटा है। गुजरात की जनजाति बहुल विधानसभा सीटों पर प्रभाव डालने भाजपा ने नरेंद्र मोदी को बुलाया था, लेकिन मोदी तो चार राज्यों की सरकारों को विकास का प्लान तैयार करने और भारत सरकार द्वारा सहयोग देने की बात कहकर चले गए।

यहां का आदिवासी ठगा सा महसुस कर रहा है। एक बार फिर मानगढ़ को राष्ट्रीय स्मारक की घोषणा के दावे भाजपा के झुमले साबित हुए है।

# सागवाड़ा के चेस ने गुजरात में बढ़ाया मान

**सागवाड़ा।** सागवाड़ा निवासी चेस मेवाड़ा पुत्र पंकज मेवाडा ने गणपत यूनिवर्सिटी मेहसाना में बीटेक मेकैट्रोनिक्स के पाठ्यक्रम के अंतर्गत गुजरात सरकार द्वारा आयोजित प्रतियोगिता रोबोफेस्ट 2.0 में भाग लिया। प्रतियोगिता में दिव्यांगो के लिए एडवांस्ड कृत्रिम हाथ तैयार किया। जिसमे विजेता होने पर वर्तमान गुजरात शिक्षा मंत्री जीतूभाई वघानी व शिक्षा सचिव विजय नेहरा (IAS) द्वारा विधान सभा में पुरस्कार राशि द्वारा सम्मानित किया गया। चेस मेवाड़ा ने इस सफलता का श्रेय गुरुजन, मातापिता, परिवारजनों एवं टीम के सदस्य को दिया।

# गोवाड़ी में सहस्त्र टोलकिया औदिच्य ब्राह्मण समाज की प्रतियोगिता संपन्न

सागवाड़ा। सहस्त्र टोलकिया औदिच्य ब्राह्मण समाज - डूंगरपुर बाँसवाड़ा व उदयपुर की गोवाड़ी में चल रही दो दिवसीय 21 वी खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न हुई। प्रतियोगिता का समापन समारोह विश्वनाथ पंडया जेठाना के मुख्य आतिथ्य, किशोर भट्ट दिवडा छोटा की अध्यक्षता एवं नरेन्द्र भगत भिलूडा, विनोद उपाध्याय जैठाना, विनोद जोशी कुपड़ा, विमलकांत भट्ट गोवाड़ी के विशिष्ट आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। प्रतियोगिता के बेड ?मिन्टन बालक वर्ग में प्रथम अथर्व जोशी खड़गड़ा व द्वितीय युग पुरोहित खड़गदा रहे। बालिका वर्ग में नैत्रा दवे भासौर प्रथम व हेनी जोशी सरेडी बडी द्वितीय रही। रस्साकसी महिला वर्ग मे गोवाड़ी प्रथम व भासोर की टीम द्वितीय रही। पुरुष वर्ग में सुन्दनपुर प्रथम व सरेडी बडी द्वितीय रही।

# नाबालिग से दुष्कर्म के दोषी 20 साल की सजा, 50 हजार रुपए का लगाया जुर्माना

**डूंगरपुर।** जिले की पोक्सो कोर्ट ने नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में आरोपी को दोषी करार देते हुए 20 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। वही कोर्ट ने दोषी को 50 हजार के आर्थिक दंड से दण्डित भी किया है। पीडिता के पिता ने 23 फ़रवरी 2021 को एसपी को परिवाद पेश किया था। डूंगरपुर जिले की पोक्सो कोर्ट ने विशिष्ठ लोक अभियोजक योगेश जोशी ने बताया की मामला सदर थाना क्षेत्र का है। पीडिता के पिता ने 23 फ़रवरी 2021 को डूंगरपुर जिला पुलिस अधीक्षक के समक्ष पेश होकर परिवाद दिया था। परिवाद में पीडिता के पिता ने बताया था कि 4 जनवरी 2021 को उसकी नाबालिग बेटी घर से सामान लाने के लिए वडा पाल गई थी। जहा पर उसे पाल वडा फला बिलिया निवासी विद्या सागर पुत्र कालू मिला। इस दौरान विद्या सागर ने उसे डराया और धमकाया और उसे अहमदाबाद भगाकर ले गया है। वही अहमदाबाद ने विद्यासागर ने नाबालिग के दुष्कर्म किया। इधर पीडिता के पिता के परिवाद पर सदर थाना पुलिस ने मामला दर्ज किया और आरोपी विद्यासागर व पीडिता की तलाश शुरू की। सदर थाना पुलिस ने 9 अप्रैल 2021 को पीडिता को अहमदाबाद से दस्तयाब किया और आरोपी विद्यासागर को गिरफ्तार किया था। इधर पुलिस ने मामले में अनुसन्धान पूर्ण करते हुए पोक्सो कोर्ट में चालान पेश किया था। इसी मामले में पोक्सो कोर्ट आज अंतिम सुनवाई करते हुए आरोपी विद्या सागर को दोषी करार दिया। वही दोषी को 20 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई।

# डूंगरपुर के स्थापना दिवस पर 4 नवम्बर को होगा वागड़ महोत्सव का आगाज

## रंगारंग कार्यक्रमों की रहेगी धूम, कार्यवाहक कलेक्टर ने ली बैठक

**डूंगरपुर।** जिले में 4 नवम्बर को डूंगरपुर जिले का स्थापना दिवस मनाया जायेगा। स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में जिला प्रशासन व पर्यटन विभाग की ओर से 4 नवम्बर से वागड़ महोत्सव का आगाज होगा। तीन दिवसीय महोत्सव में प्रशासन व पर्यटन विभाग की ओर से विभिन्न रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। इधर वागड़ महोत्सव को लेकर कार्यवाहक कलेक्टर ने बैठक लेते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। डूंगरपुर जिले के स्थापना दिवस पर 4 नवम्बर से तीन दिवसीय वागड़ महोत्सव का आगाज होगा। इधर वागड़ महोत्सव से पूर्व कार्यवाहक कलेक्टर हेमेन्द्र नागर ने जिला परिषद सभागार में अधिकारियो की बैठक ली। बैठक में पर्यटन विभाग, नगरपरिषद सहित अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में पर्यटन अधिकारी अनिल तलवाडी ने बताया की 4 नवम्बर को डूंगरपुर जिला स्थापना दिवस है।

इसके उपलक्ष्य में डूंगरपुर जिला प्रशासन व पर्यटन विभाग को ओर से वागड़ महोत्सव बनाया जायेगा। उन्होंने बताया की तीनो तक चल चलने वाले वागड़ महोत्सव में विभिन्न रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। उन्होंने बताया की वागड़ महोत्सव के पहले दिन 4 नवम्बर को सुबह शहर के लक्ष्मण मैदान में रस्साकशी, मटका दौड़ और कुर्सी दौड़ के साथ प्रदर्शनी लगाई जायेगी। वही शाम को शहर में शोभायात्रा निकालने के बाद शहर की गेप सागर झील में दीपदान व आतिश बाजी की जायेगी। इधर रात को लक्ष्मण मैदान में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होगा जिसमे पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र उदयपुर के लोक कलाकार अपनी प्रस्तुति देंगे। पर्यटन अधिकारी अनिल तलवाडी ने बताया की 5 नवम्बर को दूसरे दिन सुबह लक्ष्मण मैदान के श्यामा प्रसाद मुखर्जी होल में मेहँदी , रंगोली और साफा बाँधने की प्रतियोगिता आयोजित होगी। वही रात को लक्ष्मण मैदान में ही इंडिया गोट टेलनट्स सीजन 9 के फेम प्रवीण प्रजापत की ओर से भवाई नृत्य की प्रस्तुति दी जायेगी और स्थानीय कलाकार भी अपनी प्रस्तुति देंगे। इसके साथ ही देवसोमनाथ में सांस्कृतिक संध्या का आयोजन होगा। वही तीसरे दिन 6 नवम्बर को सागवाडा में खेलकूद प्रतियोगिता, दीपोत्सव और सांस्कृतिक संध्या का आयोजन होगा।

